बिहार विधान परिषद

206वां बजट सत्र

लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

20 फरवरी 2024

: [ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 5

जैसन टैप लगाने के संबंध में

13. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सात निश्चय योजना अंतर्गत हर घर नल का जल योजना से बिहार के प्रत्येक घरों में नल का जल पहुंचाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना अंतर्गत सभी घरों में साधारण नल लगा है, जिससे कभी-कभी नल खुले रह जाने के कारण जल की बर्बादी होती है;

(ग) क्या यह सही है कि प्रत्येक घर / सार्वजनिक स्थलों पर जैसन वाटर (सेल्फ क्लोजिंग वॉटर सेविंग) टैप लगाने की व्यवस्था करना चाहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जैसन वाटर टैप लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

सिंहासनी मंदिर का निबंधन

14. **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 के अन्तर्गत राज्य के सभी सार्वजनिक मंदिरों का निबंधन अनिवार्य है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला गोपालगंज पदाधिकारी द्वारा पत्रांक 2962 दिनांक 29.12.2023 संचिका संख्या XII-02-06/2018-23 द्वारा प्रा०स० अधीक्षक, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, को गोपालगंज जिला अन्तर्गत अंचल बैकुण्ठपुर के मौजा ग्राम दिघवा, थाना सं० 339 में अवस्थित प्राचीन काल के सिंहासनी मंदिर की भूमि 5 एकड़ 93 डी० कुल 7 बिगहा 19 कट्ठा 9 धुर जो भूमि खतिहान में शिवोत्तर दर्ज है, मंदिर की भूमि के स्वामित्व एवं मंदिर के संरक्षण हेतु निबंधन हेतु अनुशंसा की गयी थी;

(ग) क्या यह सही है कि बैकुण्ठपुर, गोपालगंज के मौजा ग्राम दिघवा, थाना सं० 339 सिंहासनी मंदिर की भूमि खाता संख्या 1818, खेसरा – 8183, 8189, 8291, 8179, 8045, 8051, 8067, 8135, 8171, 8172, 8173, 8174, 8175, 8178, मंदिर के स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध कब्जा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सुप्रसिद्ध सिंहासनी मंदिर का निबंधन कब तक करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

अल्ट्रासाउंड खराब होना

15. **मो. फारूक (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के सरोजा सीताराम सदर अस्पताल में विगत कई महीनों से अल्ट्रासाउंड खराब रहने के कारण गरीब मरीजों को ज्यादा शुल्क देकर प्राईवेट से अल्ट्रासाउंड कराना पड रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अल्ट्रासाउंड को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

कार्य योजना

16. **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 'हर घर नल जल' योजना के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को जल पहुंवाने का प्रमुख पड़ाव हासिल कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव में घर-घर तक जल पहुंवाने के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता बनाए रखने एवं इसके दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना के सफल कार्यान्वयन एवं प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु बनायी गयी कार्य योजना से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

गन्ना क्रय

17. **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार)**:

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि चीनी मिलों द्वारा किसानों से ख़रीदे जाने वाले गन्ना की कीमत विभाग द्वारा तय की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि चीनी मिलों द्वारा गन्ना की खरीद वर्ष की निश्चित तिथि व माह से शुरू हो कर एक निश्चित तिथि व माह की अवधि के बीच होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्तर के महीनों का भुगतान कब तक करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?